वर्ष- 02 अंक- 30
छपरा
5 दिसंबर, गुरूवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### असम सरकार का बड़ा फैसला

## होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर नहीं बिक सकेगा बीफ



**नई दिल्ली,एजेंसी।** असम सरकार के मंत्रिमंडल की बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। इसमें तमाम अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि असम में रेस्टोरेंट, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस (बीफ) नहीं बिकेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस उपभोग पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधान शामिल करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि पहले हमारा फैसला मंदिरों के पास गोमांस खाने पर रोक लगाने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। यह नियम सार्वजनिक समारोह में भी लागू होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि असम कैबिनेट का विस्तार 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगा। वहीं असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि मैं असम कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वह गोमांस प्रतिबंध का स्वागत करे या फिर पाकिस्तान जाकर बस जाए।

## विपक्ष ने किया जयशंकर के बयान का विरोध, भड़के सभापति जगदीप धनखड़, बोले- हमारा आचरण संस्था को कमजोर कर रहा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राज्यसभा में बुधवार को भारत-चीन के रिश्तों को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बयान दिया। विदेश मंत्री के बयान का विपक्ष ने विरोध किया और स्पष्टीकरण देने की बात कही। इस पर राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ भड़क गए। उन्होंने विपक्षी सांसदों से दो टूक कहा कि हमारा आचरण संस्था को गंभीर रूप से कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने बार-बार सदस्यों को कहा है कि पूरे देश की नजर हम पर है। हमारा व्यवहार संस्था को गंभीर रूप से कमजोर कर रहा है। जब मैं हर बार अभद्र व्यवहार और जो बॉडी लैंग्वेज देखता हूं, उस पर कुछ कहता हूं तो मुझे इससे कोई तारीफ नहीं मिलती। मगर मैं सदन की गरिमा को बहाल करने के लिए ऐसा करता हूं। सभापति ने कहा कि मैं चाहता हूं कि विपक्षी सदस्य भी अपना योगदान दें और नियमों पर भरोसा रखें। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया सदन के बाहर ही आपस में बातचीत करें। आम सहमति बनाएं। सुरक्षा और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर हमें अनुकरणीय आचरण दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री का बयान व्यापक है। इसके स्पष्टीकरण की कोई जरूरत नहीं है।

## अब सीसीटीवी से रखी जाएगी हिजाब पर नजर

### ईरान में महिलाओं के लिए लागू हुआ सख्त कानून

**तेहरान,एजेंसी।** ईरान में लंबे वक्त तक हिजाब को लेकर महिलाओं ने काफी आक्रामक प्रदर्शन किया और हिजाब पहनने तक से इनकार कर दिया लेकिन अब ईरानी संसद ने एक हिजाब को लेकर और ज्यादा सख्त कानून पारित कर दिया है। इस कानून के तहत अब अगर कोई महिला सही तरीके से हिजाब नहीं पहनेगी, या हिजाब का विरोध करेगी तो उसे सख्त सजा दी जाएगी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान की ओर से कई बार इस तरह के प्रतिबंधों की आलोचना करने के बावजूद लॉ मेकर्स ने यह कानून संसद से पास कर दिया है, जिसे ईरान की महिलाओं के लिए काफी बंदिशों वाला माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ईरानी संसद ने 'हिजाब और शुद्धता' से जुड़ा बिल पारित किया है। इसके तहत महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होगा। अगर वे ऐसा नहीं करेंगी तो उन्हें सख्त से सख्त सजा सुनाई जा सकती है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि सार्वजनिक स्थानों और सोशल मीडिया पर सही तरीके से हिजाब न पहनने या पूरी तरह से हिजाब का त्याग करने वाली महिलाओं पर, संसद द्वारा पारित यह कानून लागू होगा।

# राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से लौटे

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे जाम से लोग परेशान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संभल नहीं पहुंचने देने की कोशिश में जुटे पुलिस प्रशासन ने गाजीपुर बॉर्डर पर उनका काफिला रोक लिया। पुलिस ने उन्हें संभल जाने की इजाजत नहीं दी। जिसके बाद राहुल और प्रियंका को दिल्ली वापस लौटना पड़ा। राहुल और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पांच अन्य सांसदों के साथ बुधवार को हिंसा प्रभावित संभल का दौरा करने निकले थे लेकिन उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। उत्तर प्रदेश के हिंसा प्रभावित संभल में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बुधवार को रास्ते में दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता सुबह गाजीपुर सीमा पर पहुंचे, जहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और उन्हें संभल में प्रवेश करने से रोकने के लिए बैरीकेड लगाए गए थे। गाजीपुर बॉर्डर पर रोकी गईं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ÷संभल में जो कुछ हुआ वह गलत है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं, उनके पास संवैधानिक अधिकार हैं और उन्हें इस तरह नहीं रोका जा सकता। उन्हें जाने दिया जाना और पीड़ितों से मिलने का संवैधानिक अधिकार है।उन्होंने यह भी कहा कि वह यूपी पुलिस के साथ अकेले जाएंगे लेकिन वे ऐसा करने को भी तैयार नहीं हैं। शायद उत्तर प्रदेश में हालात ऐसे हैं कि वे इतना भी नहीं संभाल सकते? फिर किस बात पर वह अहंकार से कहते हैं कि उन्होंने कानून और व्यवस्था का ध्यान रखा है। राहुल गांधी के दौरे के चलते संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है और जिले की सीमाओं पर निरीक्षण किया जा रहा है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के पुलिस आयुक्तों और अमरोहा तथा बुलंदशहर जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र लिखा था जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि वे संभल की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी को अपने जिलों की सीमाओं पर रोकें। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ''सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे 10 दिसंबर तक जिले में न आएं। इसके लिए उन्हें संदेश भी भेजा गया है और उन्हें संभल जिले में बीएनएसएस 163 के लागू होने के बारे में भी जानकारी दी गई है। मुझे उम्मीद है कि वे संभल की शांति व्यवस्था बनाए रखने में हमारा सहयोग करेंगे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) संभल में 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। इसके साथ ही, संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी, उसे जिलाधिकारी ने बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया है। पिछले हफ्ते समाजवादी पार्टी (सपा) के कई सांसदों को जिले में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। लोकसभा नेता राहुल गांधी के संभल दौरे पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, ÷हमारी पार्टी पहले से ही वहां जा रही थी और उन्हें भी अनुमति नहीं दी गई थी।

## महिला सांसदों ने प्रियंका गांधी से कहा- जय श्रीराम

### प्रियंका ने जवाब दिया- हम महिलाएं हैं, जय सियाराम बोलो, सीता को मत छोड़ो



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 7वां दिन था। लोकसभा में बांग्लादेश हिंसा का मुद्दा उठा। वहीं राज्यसभा में विपक्ष ने किसान मुद्दे पर हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने किसान विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी के नारे लगाए। कई नेता वेल में चले गए। संसद के बाहर अडाणी और संभल हिंसा मामले पर सरकार के खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया था। इस बीच, संसद परिसर में प्रियंका गांधी और महिला सांसदों की मुलाकात हुई। महिला सांसदों ने प्रियंका को जय श्रीराम कहकर अभिवादन किया। इस पर प्रियंका ने कहा कि हम महिलाएं हैं। जय सियाराम बोलो, सीता को मत छोड़ो। बांग्लादेश मुद्दे पर हेमा मालिनी बोलीं- यह विदेशी संबंधों का नहीं, कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने कहा- बांग्लादेश में हमारे हिंदुओं और हिंदू मंदिरों, खास तौर पर इस्कॉन और इस्कॉन भक्तों के साथ जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर मैं बेहद दुखी और परेशान हूं। यह केवल विदेशी संबंधों का मुद्दा नहीं है, यह भारत में कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है। बुधवार को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई। उन्होंने खड़े होकर विपक्षी नेताओं को डांटा।

# देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले सीएम

### शिंदे डिप्टी सीएम बनने को तैयार, लेकिन गृह मंत्रालय पर अभी भी अड़े



**मुंबई (एजेंसी)।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, NCP लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इसके बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे दोनों ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जाएगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कल 5:30 बजे आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा। मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस पर अजित पवार ने कहा- कोई ले रहा है, या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं यह तय है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हम तीनों नेता एक हैं। और कौन-कौन शपथ लेगा, ये शाम तक बता दिया जाएगा। मैंने एकनाथजी से सरकार में शामिल होने और डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था। एकनाथ शिंदे ने कहा- मुझे क्या मिल रहा है, यह सवाल ही नहीं था। हमारे मन में सिर्फ यह भावना थी कि महाराष्ट्र को क्या मिला। इसी पर हमने काम किया। महायुति में कोई ऊंच-नीच नहीं है। सब ठीक है। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। इसके बाद फडणवीस मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे, यहां शिंदे और पवार के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक यहां मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई। शाम तक नाम भी बता दिए जाएंगे। भाजपा नेता ने बताया कि इस समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी रहेंगे। उन्होंने महायुति में किसी भी तरह के मतभेद को खारिज करते हुए कहा कि हम तीनों ने साथ मिलकर काम किया है। भविष्य में भी हम साथ ही काम करेंगे और यह बहुमत भी हमें साथ मिलकर काम करने को मिला है। जनता से किए गए सारे वादों को हम नई सरकार में पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री जैसी चीजें तो तकनीकी पद हैं। वास्तव में हम तीनों एक हैं और मिलकर जनता के हित में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एकनाथ शिंदे जी का धन्यवाद देता हूं। उन्होंने शिवसेना के अध्यक्ष और पार्टी के विधायक दल के नेता के नाते मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा है। उन्होंने कहा कि कई निर्दलीय विधायकों ने भी समर्थन किया है। इन सभी को देखते हुए राज्यपाल ने हमें सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया है। अब नई सरकार का शपथ समारोह गुरुवार को शाम 5:30 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि हम नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह का भी आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने चुनाव में मदद की।

## सीएम हेमंत को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

### एमपी-एमएलए कोर्ट में सशरीर पेश होने के आदेश पर लगाई रोक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. मुख्यमंत्री को ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सशरीर पेश नहीं होना होगा. दरअसल, इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन को 4 दिसंबर को सशरीर पेश होने का आदेश दिया था. इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी. सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा. फिलहाल हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए 16 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की है. अधिवक्ता दीपांकर राय ने ईटीवी भारत को यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है ।

### महाकुम्भ के लिए केंद्र से मिलेगा 2100 करोड़ रुपए का उपहार

## दिव्य, भव्य, डिजिटल महाकुम्भ के लिए केंद्र सरकार ने 1050 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की



**लखनऊ/नई दिल्ली।** जनपद प्रयागराज में आगामी जनवरी माह से शुरू हो रहे विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समागम- महाकुम्भ-2025 के लिए केंद्र सरकार की ओर से बड़ा उपहार भेजा गया है। प्रदेश सरकार के अधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने 2100 करोड़ रुपए की विशेष अनुदान सहायता राशि स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के रूप में 1050 करोड़ रुपए निर्गत कर दिये हैं। बता दें कि महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 के मध्य निर्धारित है। महाकुम्भ मेला के सकुशल आयोजन के लिए भारत सरकार से एकमुश्त विशेष सहायता अनुदान के रूप में धनराशि स्वीकृत किये जाने उप्र शासन द्वारा केंद्र सरकार से विशेष से अनुरोध किया गया था।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पहले ही 5435.68 करोड़ रुपए भव्य, दिव्य और डिजिटल महाकुम्भ के आयोजन पर खर्च कर रही है। सरकार द्वारा महाकुम्भ के लिए 421 परियोजनाओं पर यह धनराशि खर्च की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से अबतक 3461.99 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों, जिसमें लोक निर्माण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, सेतु निगम, पर्यटन विभाग, सिंचाई, नगर निगम प्रयागराज, द्वारा विभागीय बजट मद से 1636.00 करोड़ रुपए की 125 परियोजनाओं को क्रियान्वित कराया जा रहा है।

महाकुम्भ 2025 के अन्तर्गत अवसंरचनात्मक सुविधायें, जिसमें रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अण्डरब्रिज, सड़कों का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य, नदी के किनारे कटाव निरोधक कार्य सहित इण्टरलॉकिंग सड़क मार्ग, रिवर फन्ट का निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के समन्वय से प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने की कार्ययोजना के अन्तर्गत समस्त चौराहों का थीम बेस्ड सौन्दर्याकरण, आईटी बेस्ड मॉनिटरिंग इत्यादि कार्य एवं श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है।

# संसद में उठा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा


### हेमा मालिनी बोलीं-यह विदेशी संबंधों का नहीं,कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 7वां दिन है। लोकसभा में बांग्लादेश हिंसा का मुद्दा उठा। मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने कहा- बांग्लादेश में हमारे हिंदुओं और हिंदू मंदिरों, खास तौर पर इस्कॉन और इस्कॉन भक्तों के साथ जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर मैं बेहद दुखी और परेशान हूं। यह केवल विदेशी संबंधों का मुद्दा नहीं है, यह भारत में कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष ने किसान मुद्दे पर हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने किसान विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी के नारे लगाए। कई नेता वेल में चले आए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई। उन्होंने खड़े होकर विपक्षी नेताओं को डांटा। धनखड़ ने कहा- ये नारेबाजी और घड़ियाली आंसू यहां नहीं चलेंगे। आपके लिए किसानों का हित स्वार्थ के लिए है। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर और इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले निंदनीय हैं। उन्होंने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस्कॉन के लोग मानवता के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन्हें राजद्रोह का आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया।

## पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर फायरिंग,बाल-बाल बचे

### हमलावर खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार



**अमृतसर (एजेंसी)।** अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में बुधवार को पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल पर खालिस्तानी आतंकी ने फायरिंग की। सुखबीर बादल गोल्डन टेंपल के गेट पर सेवादार बनकर बैठे थे। डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम को माफी देने को लेकर सिखों की सर्वोच्च अदालत अकाल तख्त ने उन्हें यह सजा दी है। वारदात के वक्त हमलावर ने जैसे ही उन पर गोली चलाई, उसी समय सिविल वर्दी में तैनात उनके सुरक्षाकर्मियों ने उसका हाथ पकड़कर ऊपर उठा दिया। जिससे गोली गोल्डन टेंपल की दीवार पर जा लगी। इससे सुखबीर बादल बाल-बाल बच गए। इसके बाद हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुखबीर बादल को तुरंत सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। गोल्डन टेंपल के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुखबीर पर हमला करने वाला आरोपी गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक का रहने वाला नारायण सिंह चौड़ा है। वह सिख संगठन दल खालसा का मेंबर है। वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर गोल्डन टेंपल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अकाली नेता डॉ. दलजीत चीमा ने कहा कि गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा का साथी मार्केट कमेटी का चेयरमैन है। गोली चलाने वाला व्यक्ति चेयरमैन के साथी का भाई है। सुखबीर बादल के गोल्डन टेंपल में होने की वजह से उनके सुरक्षाकर्मी अलर्ट थे। हमलावर नारायण सिंह चौड़ा दल खालसा का मेंबर है।

# 12 कुकी-जो लोगों के शव परिजनों को भेजे गए, आज होगा अंतिम संस्कार, मिजोरम सीएम के सलाहकार होंगे शामिल

**चूराचांदपुर ,एजेंसी।** जिरीबाम में सीआरपीएफ के साथ गोलीबारी में मारे गए 12 कुकी-जो लोगों के शव पोस्टमार्टम गृह से उनके परिजनों को भेज दिए गए हैं। गुरुवार को शवों का अंतिम संस्कार चुराचांदपुर जिले में किया जाएगा। कुकी-जो समुदाय के प्रमुख संगठन आईटीएलएफ ने बताया कि अंतिम संस्कार में मिजोरम के मुख्यमंत्री के सलाहकार एच गिन्जालाला भी शामिल होंगे। वहीं इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने भी मृतकों के लिए सुबह 9.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चुराचांदपुर में पूर्ण बंद का आह्वान किया है। आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिंजा वुआलजोंग ने कहा कि शवों को बुधवार दोपहर दो बजे उनके परिजनों के पास ले जाया गया। कल शवों का अंतिम संस्कार दिया जाएगा। इसलिए परिवार आखिरी रात उनके साथ बिताएगा। परिजन उनके शव गुरुवार सुबह लेकर आएंगे और उसके बाद सब कुछ योजना के अनुसार आगे बढ़ेगा।आईटीएलएफ के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मिजोरम के



सीएम के सलाहकार गिंजालाला ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है और यह हमारे लिए एक बड़ा समर्थन है। इससे साफ है कि संकट की इस घड़ी में मिजोरम सरकार हमारे साथ है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया है। पहला सत्र सुबह 11 बजे तुइबुओंग के पीस ग्राउंड में शुरू होगा, जहां समाज के सभी वर्गों के लोग अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दूसरा सत्र दोपहर दो बजे से सेहकेन स्थित शहीद कब्रिस्तान में होगा। जहां मृतकों को गांव के स्वयंसेवकों द्वारा बंदूक की सलामी दी जाएगी। इसके बाद शवों को दफना दिया जाएगा।

आईटीएलएफ ने पहले कहा था कि कुकी-जो युवकों का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट उनके परिवारों को नहीं सौंप दी जाती। 16 नवंबर को शवों को सिलचर से चुराचांदपुर ले जाने के बाद उन्हें चुराचांदपुर जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आईटीएलएफ ने 30 नवंबर को घोषणा की थी कि अंतिम संस्कार पांच दिसंबर को किया जाएगा।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

- सारणवासियों को 7034 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात
- 2126 करोड़ की लागत से बना है आधुनिक मातृ-शिशु अस्पताल
- छपरा में 3920 करोड़ की लागत से बनेगा नया मॉडल सदर अस्पताल
- दवा सप्लाई और टीकाकरण में पूरे देश में बिहार पहले स्थान पर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सूबे में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार संकल्पित है। इसी कड़ी में छपरा सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस 2126 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 100 बेड का मातृ शिशु अस्पताल, सदर अस्पताल में हीं 389 करोड़ की लागत से बने 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल और जिले के अलग-अलग प्रखंडों में नवनिर्मित 7 उपस्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया गया। मंत्री ने कुल 7034 करोड़ के योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं सदर अस्पताल में नये मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नारेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि ग्राम पंचायत स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे उसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज यहां 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल का शुभारंभ किया है। उन्होने कहा कि सारण में ऐसा कोई प्रखंड नहीं है जहां 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र न हो। लगभभ सभी प्रखंडों में 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। उन्होने कहा था कि पहले लोगों ने कल्पना नहीं किया था कि सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। लेकिन मैने इस कल्पना को पूरा किया है। अब लोगों को यहां सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार देश में अग्रणी राज्यों शामिल हो रहा है। पीएम नारेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में टीकाकरण और दवा की उपलब्धता और सप्लाई में देश में पहले स्थान पर है। आम मरीजों को बेहतर सुविधा मिले यही हमारी प्राथमिकता है।



### आधुनिक सुविधाओं से लैस है एमसीएच

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा देने के उद्देश्य से मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण कराया गया है। यहां पर माँ और बच्चे का संपूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां पर सारी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। प्रसव पीड़िता को इस अस्पताल में एक बार भर्ती किए जाने के बाद प्रसव के उपरांत उसकी देखभाल एवं नवजात को किसी प्रकार की समस्या होने पर आईसीसी एवं एसएनसीयू से लेकर तमाम सुविधाएं इस बिल्डिंग में उपलब्ध है। ग्राउंड फ्लोर पर रजिस्ट्रेशन काउंटर, ऑपरेशन थियेटर, एलडीआर, इमरजेंसी थियेटर, स्टेराइल सप्लाई यूनिट, एचडीयू की सुविधा मिलेगी। वहीं प्रथम तल पर प्रसव कक्ष, आईसीयू, ओबीजी, एचडीयू, पीआईसीयू, एसएनसीयू, एमएनसीयू वार्ड बनाया गया है। दूसरे तल पर जेनरल आईसीयू, वार्ड, नर्सिंग स्टेशन बनाया गया है। तीसरे तल पर एनआरसी, इसीजी, डेंटल, साईक्लोजी रूम बनया गया है। चौथे तल पर आयुष वार्ड, कंसल्टेंट रूम, योगा रूम, न्यूरोपैथी, मेडिकल रिकार्ड रूम बनाया गया है। इस अस्पताल में के दोनों द्वार के समीप से सीढी बनाया गया है जो की चौथे माले तक जाएगा.इसके साथ ही दोनों गेट से सटे 2-2 लिफ्ट भी लगे हैं। डॉक्टर, अस्पताल कर्मी या मरीज एवं उनके परिजन भी इस लिफ्ट की सुविधा ले सकेंगे। इस जच्चा-बच्चा अस्पताल में प्रसव पीड़िताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैंप की भी व्यवस्था की गई है.इस भवन को रैंप से भी कनेक्ट किया गया है, ताकि एंबुलेंस से प्रसव पीड़िता को उतारने के तुरंत बाद उसे लेटे अवस्था में ही रैंप के माध्यम से ट्रॉली बेड से ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाया जा सके अथवा चौथे माले के वार्ड से मरीज को ट्राली के माध्यम से भी नीचे लाया जा सके।

### इन योजनाओं का हुआ उद्घाटनः

- 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल, छपरा - 2126 करोड़
- 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल, छपरा 389 करोड़
- 20 बेड का प्री-फैब अस्पताल, जलालपुर 37 लाख
- 20 बेड का प्री-फैब अस्पताल, मांझी- 37 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पचभिण्डा 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, केरवा - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, शेभेपुर - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, डेरनी - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, काजीपुर - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आलोनी - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जिल्काबाद 75 लाख
- सदर अस्पताल के परिसर में शिलान्यासः मॉडल अस्पताल, छपरा - 3920 करोड़

### 100 बेड का बनेगा नया 4 मंजिला मॉडल सदर अस्पतालः

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भूमि पूजन कर मॉडल सदर अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होने कहा कि पूराने भवन को तोड़कर 3920 करोड़ की लागत से 100 बेड का नया मॉडल सदर अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। मंत्री ने आदेश दिया कि 15 दिसंबर तक नये एमसीएच भवन में सदर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड को शिफ्ट कर निर्माण कार्य शुरू कराएं। ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। पुराने जर्जर बिल्डिंग में अस्पताल संचालित होने से कई तरह की कठिनाईयां होती थी जो अब दूर हो जायेगी। डेढ़ साल के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नये मॉडल अस्पताल में 24x7 आपातकालीन सेवा, ऑपरेशन थियेटर, लाँड्री, कीचन, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ऑक्सीजन युक्त शैय्या, ब्लड बैंक इकाई, हाई डिपेंडेंसी इकाई, नर्सिंग स्टेशन, प्री-ओटी, पोस्ट-ओटी, जेनरल वार्ड, आईसीयू, लैब,एक्सरे की व्यवस्था होगी। यह अस्पताल चार मंजिला बनेगा। इस मौके पर छपरा विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, एमएलसी सच्चिदानंद राय, पूर्व एमएलए ज्ञानचंद मांझी, जिलाधिकारी अमन समीर, सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीएस डॉ. आरएन तिवारी, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीएमएनई ब्रजेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद, सीफार के डीपीसी गनपत आर्यन, यूनिसेफ के एसएमसी आरती त्रिपाठी, पीरामल से डॉ. रविश्वर, हरिशंकर प्रसाद, बंटी कुमार रजक समेत अन्य मौजूद थे।




## अंगुलिका साइज का भारतीय कॉर्प का मत्स्य बीज को घाघरा नदी में प्रवाहित करने का किया गया शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर छपरा।** वुधवार को सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड में घाघरा नदी पर अवस्थित नाथ मंदिर पर गंगा नदी तंत्र में नदी पुनर्स्थापना कार्यक्रम (रिवर रैचिंग) के तहत जिला पदाधिकारी अमन समीर के ?द्वारा अंगुलिका साइज का भारतीय कॉर्प का मत्स्य बीज को घाघरा नदी में प्रवाहित करने का शुभारंभ किया गया। उपस्थित मछुआरों के बीच यह संदेश दिया गया कि बिहार में कालांतर में नदियों के प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र पर मानव गतिविधियों और अविवेकपूर्ण मत्स्य दोहन एवं पर्यावरण प्रदूषण हावी होने के फल स्वरुप नदियों के मत्स्यकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे न केवल मत्स्य उत्पादन प्रभावित हुआ है बल्कि मूल मत्स्य प्रजातियों की विविधता अवांछनीय मछलियों की प्रजातियों में अभिवृद्धि तथा मत्स्य उत्पादन में अविश्वसनीय क्षति हुई है जिसका सीधा प्रभाव मछु?आरों के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति एवं नदियों के जल के गुणवत्ता पर पड़ा है। बढ़ती आबादी के साथ गुणवत्ता युक्त मत्स्य प्रोटीन की मांग में अभिवृ?द्धि, नदी मत्स्य संसाधन के सतत उपयोग, संरक्षण तथा मछुआरों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को दृष्टिपथ में रखते हुए रिवर रैचिंग कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके आलोक में भारतीय कार्प के अंगुलिका साइज मत्स्य बीज का घाघरा नदी में 350 लाख मत्स्य बीज का प्रवाह का शुभारंभ किया गया। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य इससे मछली उत्पादन बढ़ता है, इससे नदी की जैव विविधता बनी रहती है, इससे मछुआरों की आजीविका में सुधार होता है, इससे नदी प्रणाली में स्वस्थ वातावरण बनता है, इससे मत्स्य संसाधनों का सतत उपयोग और संरक्षण होता है, इससे पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है, इससे सामाजिक-आर्थिक लाभ में वृद्धि होती है।सभी से अपील है कि अंगुलिका साइज मछलियों का नदियों से शिकार ना किया जाए, इसे बढ़ने-फलने फूलने दिया जाए। इस कार्यक्रम में जयमित्रा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुमन कुमार, उप मत्स्य निदेशक सारण परिक्षेत्र उमेश रंजन, उप मत्स्य निदेशक (सा0 एवं वि0) मत्स्य निदेशालय पटना, जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार के अलावा, राम विचार मांझी, अंकित श्रीवास्तव, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार, मो0 अख्तर हुसैन, अमृता रंजन, आस्था मिश्रा, मत्स्य विकास पदाधिकारी कनीय अभियंता श्रवण पंडित, मत्स्य बीज हैचरी मालिक सुखराम, सुदीश कुमार जलालपुर, मांझी, रिविलगंज, मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्य एवं मंत्री उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में हुआ एक व्यक्ति हुआ जख्मी

**मढ़ौरा।** थानाक्षेत्र के शिवगंज चैनपुर से गैस भरवाने गौरा बाजार जा रहा व्यक्ति सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जख्मी का इलाज स्थानीय निजी अस्पताल में कराया गया इस दौरान चिकित्सक चंदन कुमार ने व्यक्ति को खतरे से बाहर बताया। जख्मी जितेन्द्र राम ने बताया कि वह घर से मोटरसाइकिल पर गैस सिलिंडर लादकर गौरा बाजार जा रहा था। तभी मिर्जापुर की तरफ से आ रही दूसरे मोटरसाइकिल चालक ने ठोकर मार दी। जिससे वह घायल व अचेत हो गया। इस दौरान ग्रामीणों के सहयोग से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## साइकिल सवार को ठोकर मार जख्मी हुआ चालक

मढ़ौरा। थाना क्षेत्र के हसनपुरा में एक बाइक चालक ने साइकिल सवार को ठोकर मारकर जख्मी हो गया। जख्मी गनौरा निवासी गौतम महतों का 28 वर्षीय पुत्र मूकेश महतों बताया गया है?। जख्मी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चंदन कुमार ने बताया कि जख्मी को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया है।

## पैक्स चुनाव के नतीजे घोषित, जीत का जश्न तो कही हार का गम

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** सदर के 11 पंचायतों में बुधवार को हुए पैक्स चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए। नतीजों के बाद जहां विजेताओं के खेमे में जश्न का माहौल रहा, वहीं पराजित उम्मीदवारों के समर्थकों में मायूसी दिखी। थोड़ी देर के लिए रायपुर बिंदगावा में तनावपूर्ण माहौल हो गया।रायपुर बिंदगावा पंचायत में चुनाव परिणाम आने के बाद दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच कहासुनी और हल्की नोंक-झोंक हो गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर माहौल को शांत कराया। विजयी प्रत्याशियों को कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया और गुलाल-अबीर उड़ाकर जश्न मनाए वहीं पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित प्रत्याशियों मे चिरांद पैक्स से विश्वजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पु सिंह ने 602 मतों के साथ 204 मतों से जीत दर्ज की।पूर्बी तेलपा पैक्स में विकास कुमार सिंह ने 723 मतों के साथ 613 मतों के भारी अंतर से बाजी मारी।जलालपुर पैक्स में मनोज कुमार ने 516 मतों के अंतर से दीपक कुमार को हराया।शेरपुर पैक्स में बजेन्द्र राय ने 345 मतों के अंतर से जेलर राय को हराया।भैरोपुर निजामत से कमलेश कुमार ने 457 मतों से रामायण भगत को शिकस्त दी।मुसेपुर पैक्स से अनिल कुमार सिंह ने 441 मतों से कौशल्या देवी को हराया।डुमरी से विनोद सिंह ने 433 मतों के अंतर से नीरू देवी को पराजित किया।विष्णुपुरा पैक्स से राणा प्रताप सिंह ने 307 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। रायपुर बिंदगावा पैक्स में ओमप्रकाश कुमार ने 16 मतों से पप्पु कुमार को हराया, सेमरिया महाजी पैक्स से पृथ्वीनाथ राय ने 228 मतों के अंतर से राहुल राय को पराजित किया।गौरतलब हो कि सदर प्रखंड की 21 पंचायतों में से 11 पंचायतों में चुनाव हुए, 7 पंचायतें निर्विरोध रहीं, जबकि 3 पंचायतों में वैधानिक कारणों से चुनाव नहीं हो सके।वहीं इस चुनाव में अधिकांश सीटों पर पुराने चेहरों को जनता ने फिर से मौका दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये प्रत्याशी जनता की उम्मीदों पर कितना खड़ा उतरते हैं।




## साइकिल सवार को ठोकर मार जख्मी हुआ चालक

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के हसनपुरा में एक बाइक चालक ने साइकिल सवार को ठोकर मारकर जख्मी हो गया। जख्मी गनौरा निवासी गौतम महतों का 28 वर्षीय पुत्र मूकेश महतों बताया गया है?। जख्मी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चंदन कुमार ने बताया कि जख्मी को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया है।

## छत के सहारे घर में प्रवेश का नकद समेत लाखों की चोरी

**सिवान ।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के हरदिया गांव में मंगलवार की रात चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर 25 हजार रुपये नकद समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। इस मामले में मकान मालिक दुधनाथ पांडेय के पुत्र प्रमोद पांडेय ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। पीड़ित प्रमोद पांडेय ने बताया कि गोपालगंज के चैनपुर में एक रिश्तेदार के घर 30 नवंबर को शादी समारोह था। उसमें शामिल होने परिवार के सभी सदस्यों के साथ गया था हुआ। इस दौरान चोरों ने मंगलवार की देर रात छत के सहारे आंगन में उतर गए तथा दो कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे 25 हजार रुपये नकद, आभूषण, कपड़ा समेत करीब एक लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। बुधवार की सुबह जब पत्नी चिंता देवी के साथ घर पहुंचा तो देखा कि मकान के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। जब मकान के अंदर प्रवेश किया तो घर में सामान बिखरे हुए थे। बक्से का ताला टूटा हुआ था। चोरों द्वारा सोना-चांदी का आभूषण, कीमती कपड़ा, पानी का मोटर, खाने पीने का बर्तन सहित करीब एक लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि प्रमोद पांडेय के पड़ोसी अखिलेश्वर पांडेय के मकान में चोरों द्वारा तीन बार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

## जहरुद्दीन हत्याकांड में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज

**सिवान।** लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में दो दिसंबर की रात बैडमिंटन खेलने के दौरान हुए विवाद में चाकू से गोदकर वृद्ध जहरुद्दीन मियां की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी नुरैशा खातून के बयान पर गांव के खेदान उर्फ एहतेशाम व उसकी पत्नी, कामरान, मुन्नी उर्फ जूही खातून तथा दैयान को आरोपित किया गया है।नुरैशा खातून ने आरोप लगाया है कि मेरे पति दो दिसंबर की शाम करीब पौने सात बजे चाय पीकर घर के आगे सड़क पर जा रहे थे। इसी बीच कामरान और दैयान बैडमिंटन खेल रहे थे। इस क्रम में बैडमिंटन से पति को चोट लग गई। उन्होंने सड़क पर खेलने से मना किया तो इस बात से नाराज हो आरोपित अपने घर के पास ही घेरकर चाकू मार हत्या कर दी और इसके बाद सभी घर छोड़कर फरार हो गए। प्राथमिकी के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



# सोनपुर मेले में 150 रुपए मिल रहे हैं गांव का नक्शा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार में भूमि सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। वहीं राजस्व विभाग ने रैयतदारों को सस्ते दर पर गांव का नक्शा दिलवाने के लिए सोनपुर मेले में स्टॉल लगायी है ।जहां राज्य के हर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुँच कर लंबी लाईन लगाकर नक्शा लेने के आकुल व्याकुल और वैचैन रह रहे है। मेले के स्टॉल से मात्र 150 /-रूपये मे गांव के नक्शा उपलब्ध करायी जा रही है। लोग अपने गांव के नक्शा लेकर अपने अपने भूमि को देखने समझने के लिए खरीदारी कर रहे है। बिहार मे सर्वे होना, मेले मे भूमि से संबंधित कागजात के जनकारी देना और मेले मे नक्शा उपलब्ध कराना सरकार के इस फैसले का असर मेले में देखने को मिल रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का सोनपुर मेला में लगा स्टॉल मेला घूमने आनेवालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। मेला मे राजस्व नक्शों की बिक्री के लिए 2 स्टॉल का काउंटर बना हुआ है। दोनों काउंटर पर सीएस0, आरएस0, चकबंदी एवं म्युनिसिपल सर्वे नक्शा उपलब्ध है। इन नक्शों को 150 रूपये प्रति शीट का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। भुगतान नकद किया जाता है। छोटे गांव का नक्शा एक शीट में जबकि बड़े गांव का नक्शा एक से अधिक शीट में मिलता है। मेला घूमने आनेवाला कोई भी रैयत 150 रूपये प्रति शीट के हिसाब से भुगतान करके अपने गांव का नक्शा हासिल कर सकता है। इससे पूर्व 10 रूपये की पर्ची पर अपना डिटेल्स यानि नाम, पिता, घर, खाता, खेसरा, गांव का नाम, राजस्व थाना नंबर, अंचल और जिला का नाम भरना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में हरेक आवेदक को औसतन 10 --20 मिनट का समय लग रहा है। नक्शा लेने वाले लोग लमवी लाईन लगाकर अपने बारी के इंतहार करते है।स्टॉल के कर्मियों ने बताया कि सोनपुर मेला स्टॉल के अलावा वसुधा केन्द्र और निदेशालय की वेबसाइट पर जाकर राजस्व नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी सेवा के जरिए नक्शों का घर बैठे मंगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 13 नम्बर 24 के मेला उद्घाटन के बाद स्टॉल के शुभारभ से मंगलवार तक 2842 लोगों द्वारा 7177 शीट्स के लिए आवेदन दिया है और इससे भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को 1076550.00 रूपयों की आय हुई है।

# नयागांव में शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह की मनाई गई स्वर्ण जयंती

- शहीद राजेंद्र बाबू के नाम पर नयागांव में बनेगा डिजिटल पुस्तकालय एवं स्टेडियमङ्कसम्राट चौधरी



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के नयागांव रेलवे स्टेशन चौक पर शहीद राजेंद्र सिंह की जयंती को लेकर बनवारी चक में उत्साह का माहौल बना हुआ था। बुधवार को शहीद राजेंद्र सिंह स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान उनके साथ अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह, विधान पार्षद अनिल शर्मा पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह के साथ-साथ कई राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे। स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पंकज सिंह ने किया। स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन समिति बधाई के पात्र है जिन्होंने मुझे कार्यक्रम में शामिल होने का मौका दिया। हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ की जयंती समारोह आप सबके बीच मनाने के लिए शामिल हुए। श्री चौधरी ने शहीद राजेंद्र बाबू के नाम पर उनके गांव बहेरवा गाछी मे उनके परिजन की सलाह पर डिजिटल पुस्तकालय एवं स्टेडियम बनाने की घोषणा किया साथ ही मंच पर आसीन लोगों से सुझाव देते हुए कहा कि पंचायत एवं जिला परिषद से प्रस्ताव पारित करने के बाद हमें भेजिए नयागांव रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद राजेंद्र बाबू के नाम पर केंद्र सरकार से करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में थोड़ी देर से पहुंचे सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए बिहार ही नहीं हमारे देश के धरोहर के रूप में राजेंद्र बाबू का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धि सड़क स्वास्थ्य शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र के विकास के बारे में बताया विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने अपने निजी फंड से आदमकद प्रतिमा के जीर्णोद्धार करने की घोषणा की पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि विधायक बनने के बाद पहली बार विधानसभा जाने पर अपने कार्यकाल के दौरान पहले काम राजेंद्र बाबू की आदमकद प्रतिमा नयागांव में स्थापित कर तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार से उद्घाटन कराया साथ ही उनके गांव जाने वाले प्रवेश द्वार पर शाहिद राजेंद्र बाबू द्वार का निर्माण भी हुआ उन्होंने कहा कि मात्र 19 वर्ष की आयु में हाथ में तिरंगा लेकर सचिवालय पर झंडा फहराने के दौरान शहीद हुए थे उनका सपना था देश को आजाद करने का जिनके कारण आज हम लोग शांतिपूर्वक जीवन निर्वाह कर रहे हैं। उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ रामानुज प्रसाद शहिद राजेंद्र प्रसाद के नाम पर पुस्तकालय की स्थापना की मांग की साथ ही हरदिया चौर से पानी निकासी की मुद्दा भी उठाया जिस पर सोनपुर विधायक डॉक्टर रामानुज प्रसाद ने सभी लोगों को आश्वासन दिया कि शहीद राजेंद्र बाबू के नाम पर पुस्तकालय का निर्माण करूंगा। और हरदिया चौर के लेकर जल्द समस्या का समाधान के लिए सदन से लेकर सड़क तक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सिंह,शहीद राजेंद्र बाबू के भतीजा अजय कुमार सिंह एमएलसी अनिल शर्मा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह जदयू नेता आनंद किशोर सिंह जदयू के जिला महासचिव सुरेश कुमार सिंह पूर्व मुखिया मुन्ना जी अमरजीत कुमार चौरसिया सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार,एसडीपीओ नवल किशोर नयागांव थाना अध्यक्ष के के शर्मा स्थानीय समाजसेवी अजीत कुमार सिंह समिति सदस्य प्रेमचंद सिंह, उदय सिंह,लालबाबू कुशवाहा, राकेश सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से आगत अतिथि को अंग वस्त्र एवं मोमेंट भेंट किया गया।ग्रामीण बड़ी धूमधाम से शहीद राजेंद्र सिंह जंयती और पुण्यतिथि यहां के लोग त्योहार की रूप मे मनाते हैं। शहीद राजेंद्र सिंह का जन्म 4 दिसंबर 1924 को बनवारी चक, में हुआ था। उनके पिता शिव नारायण सिंह एक प्रतिष्ठित काश्तकार और सरकारी ठेकेदार थे, जबकि उनकी माता का नाम जीरा देवी हैं। राजेंद्र सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी विद्यालय से पूरी की। तीसरी कक्षा के बाद उन्होंने पटना के मिलर स्कूल में पढ़ाई शुरू की। पटना स्थित उनके आवास पर अक्सर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े लोग आते थे, जिससे उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। 11 अगस्त 1942 को राजेंद्र सिंह ने अन्य छात्रों के साथ पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच टकराव हुआ। जिला मजिस्ट्रेट के इनकार के बावजूद छात्रों ने सचिवालय पर झंडा फहराने के दौरान राजेन्द्र सिंह प्रयास किया। पुलिस फायरिंग में सात छात्रों ने शहादत दी, जिनमें राजेंद्र सिंह भी शामिल थे।शहीद राजेंद्र सिंह की स्मृति में नयागांव रेलवे स्टेशन के पास उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। उनकी पत्नी, सुरेश देवी को भारत सरकार ने स्वतंत्रता सम्मान पेंशन देकर सम्मानित किया। उनकी वीरता और बलिदान के किस्से आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने का प्रयास हो रहा था। जिलाधिकारी डब्ल्यूजी आर्थर के आदेश पर पुलिस ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमे सात शहीद हो गए जिसमे नयागांव के एक युवक राजेंद्र सिंह शहीद हो गए।

# मशरक में अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में एक दर्जन घायल, एक छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग घटनाओं में घायल एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। सपही गांव के पास बाइक और ऑटो की टक्कर में अरना पंचायत के बाबू के छपिया गांव निवासी मुकेश राम का 18 वर्षीय पुत्र अंतेश कुमार और वंशी लाल राम का 29 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार कर गोलू कुमार की गंभीर हालत में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में बताया गया कि बाइक पर सवार होकर बंगरा बाजार से अपने गांव जा रहें थे कि अनियंत्रित ऑटो से टक्कर हो गई। वहीं मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के कुशवाहा टोला गांव के पास जमीनी विवाद में मारपीट में 32 वर्षीय सत्येंद्र कुमार,65 वर्षीय लीलावती देवी,70 वर्षीय स्वामी नाथ कुशवाहा और 36 वर्षीय शमशेर आलम,69 वर्षीय रसीद खातून घायल हो गए। वहीं तीसरे मामले में सुंदर गांव में पारिवारिक विवाद में मारपीट में अंशु देवी उम्र 26 महेश दास घायल हो गए। घायल पीड़ित महिला ने सास ससुर समेत अन्य को आरोपित किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

# शादी समारोह में फरमाइशी गीत को लेकर मारपीट में किन्नर घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के दुरगौली गांव में परिछावन के दौरान फरमाईशी गीत को लेकर मारपीट में किन्नर गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र कुचायकोट निवासी मुस्कान किन्नर उम्र 25 वर्ष गुरु मुन्ना किन्नर घायल हो गयी। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। बताया गया कि डुमरी बाजार पर छम छम म्यूजिकल डांस ग्रुप में काम करती हूं उसी में साट्टा पर मशरक के दुरगौली गांव में योगेन्द्र राय के यहां शादी समारोह में आई थी वहीं से बारात चालीस आरडी गांव में कृष्णा राय के यहा जा रही थी कि परिछावन के दौरान अश्लील फरमाईशी गीत बजाने को लेकर विवाद में मारपीट में घायल कर दिया गया।

# दिघवारा पैक्स चुनाव परिणाम में पुराने चेहरे पर जनता ने जताया भरोसा

**दिघवारा।** प्रखंड के कुल दस पैक्सों में दो पैक्स बरुआ और झौऑ में चुनाव नहीं हुआ वहीं कुरैया पंचायत में अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्य निर्विरोध घोषित किया गया।शेष सभी सात पैक्सों में सभी पुराने चेहरे पर जीत हासिल की।बुधवार की शुबह आठ बजे से प्रखंड मुख्यालय के सभागार में अनुमंडल के वरीय लोक शिकायत पदाधिकारी नुरी परवीन की उपस्थिति में शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न हुआ।अध्यक्ष पद पर हराजी से मुन्नी कुमार सिंह, त्रिलोकचक से अभय कुमार सिंह, वस्ती से शैलेंद्र सिंह,कुरैया से संजय कुमार सिंह ने चौथी बार जीत दर्ज की है।वहीं रामपुर आमी से रीतेश सिंह तीसरी बार जीत दर्ज की है।अकिलपुर से राम नरेश राय दुसरी बार अध्यक्ष पद पर अपनी जीत दर्ज की है तो शीतलपुर से मुखिया गायत्री देवी पहली बार अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है।

# आपार आईडी निर्माण में कोताही पर रुकेगा वेतन- बीईओ




**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** स्थानीय अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकमा में बीईओ योगेंद्र बैठा की अध्यक्षता में प्रखंड व नगर पंचायत के प्रधानाध्यापकों की एक विशेष बैठक बुधवार को अपार कार्ड बनाने संबंधी स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक का संचालन शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही ने किया। इस दौरान विभागीय विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई।

बैठक में बीईओ ने कहा कि अपार आईडी निर्माण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें लापरवाही बरतने वाले स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों का वेतन रोक दिया जायेगा। बैठक में उपस्थित बीपीएम दीक्षा राय ने लगभग 30 विद्यालयों की सूची जारी की, जो अभी तक आपार आईडी योजना पर बुधवार को 11 बजे तक काम शुरू नहीं किए थे। प्रतिक्रिया स्वरुप वैसे विद्यालय के प्रधानों को बैठक के अलावा अलग से बैठक कर परामर्श दिया गया।बीईओ ने ड्रॉप आऊट बच्चों को चिन्हित कर सूची अपलोड करने और बिपार्ड द्वारा प्रेषित लिंक ओपन कर 2047 तक विकसित बिहार के लिए एक शिक्षक को 20 लोगों से बातचीत कर कॉलम भर कर जल्दी अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानाध्यापक कृष्ण भगवान यादव, डॉ शशिभूषण शाही, व्यास सिंह, कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार, दिग्विजय कुमार गुप्ता, भरत कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह, किसलय कुमार, विकास कुमार, लखन लाल प्रसाद आदि अन्य शामिल थे।

# उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ मंदिर में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और एमएलसी अनिल शर्मा ने मंदिर मे पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना कार्य को सुशीलचंद्र शास्त्री, भूटकून बाबा बमबम बाबा, राहुल बाबा, पवन बाबा व सदानंद बाबा ने विधिवत मन्त्रोंउच्चारण के पूजा अर्चना कराया। वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने डिप्टी सीएम को अंग वस्त्र, बुके और मंदिर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर सचिव विजयलाला, मंदिर उपाध्यक्ष बिनोद सम्राट, कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह, साथ में कई ग्रामीण सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और मंदिर की व्यवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर में हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है।




# थावेङ्कमशरक रेलखंड पर पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 28 फरवरी तक सप्ताह में 3 दिन ही चलेगी




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** थावे मशरक छपरा ग्रामीण पटना रेलखंड पर चलने वाली पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का परिचालन तीन महीने के लिए संशोधित किया गया है। अब यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन ही चलेगी। लेकिन अब 28 फरवरी 2025 तक इस ट्रेन के शिड्यूल में संशोधन किया गया है। रेल अधिकारियों के अनुसार गाड़ी संख्या 15080 अप और 15079 डाउन प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को चलेगी। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को इस ट्रेन का परिचालन निरस्त रहेगा। पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का परिचालन नहीं होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। चांद कुदरिया गांव निवासी पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने बताया कि ग्रामीण इलाकों के लोगों को सुबह में पटना जाने के लिए एक मात्र ट्रेन हैं अब सप्ताह में चार दिन यात्रियों को चार गुणा बढा किराया देकर बस पर सवार होकर पटना जाने के लिए 250 रूपए खर्च करने पड़ेंगे। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब यात्रियों और पढ़ाई करने जानें वालें छात्र छात्राओं को होंगी।

# मारपीट की घटनाओं में 12 लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटित घटनाओं में तीन महिलाएं समेत 12 लोग घायल हो गये। घायलों मे एकमा गांव की मंजु देवी, एकमा टोले हाता विशुनपुरा गांव की आशा देवी, रंजीत प्रसाद, भरहोपुर गांव के रंजीत साह, परसागढ़ गांव के हरि कुमार पटेल, नवादा गांव के हरिशंकर महतो, चनचौरा गांव के नीतेश कुमार यादव, चपरैठा गांव के रंजीत कुमार, नचाप गांव के पवन कुमार, मुबारकपुर गांव के मनीष कुमार, पांडेयपुर गांव की सुनीता देवी शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। अब तक किसी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

# मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरा यात्री, दोनों पैर कटे

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर स्थित एकमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर बुधवार को गोरखपुर-हटिया डाउन मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिर जाने से एक यात्री के दोनों पैर कट गये। बताया जाता है कि मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के श्याम बाबू सिंह के लगभग 40 वर्षीय पुत्र गगन कुमार सिंह छपरा जाने के लिए एकमा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी डाउन मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होने जा रहे थे। इसी दौरान स्टेशन से ट्रेन खुल गई और गगन कुमार सिंह ट्रेन में चढ़ने के क्रम में फिसल कर गिर गये। जिसके बाद ट्रेन की चपेट में आने से इनके दोनों पैर कट गये। एकमा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात राजकीय रेल पुलिस के अवर निरीक्षक रामलाल यादव व सिपाही विजय कुमार साह ने घायल यात्री को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जख्मी यात्री को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां घायल यात्री का उपचार चल रहा है। राजकीय रेल पुलिस के अवर निरीक्षक रामलाल यादव के द्वारा घायल के परिजनों को इस दुर्घटना की जानकारी दे दी गई।

# स्मैक व गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**दिघवारा।** दिघवारा पुलिस टीम द्वारा मधुकान चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग के दौरान गश्ती टीम ने मोटरसाईकिल सवार दो संदिग्ध युवकों की तलाशी ली जिसके पास से स्मैक व गांजा बरामद किया गया।पुलिस ने मोटरसाईकिल सवार दोनों धंधेबाजों को हिरासत में ले लिया जिसकी पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के सैदपुर बगही निवासी बबलू प्रसाद गुप्ता व इसी थाना क्षेत्र के चकनूर निवासी पंकज कुमार बताया जाता है वहीं एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया है।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी जिसको देखते ही दोनों धंधेबाज भागने लगे जिसके बाद दोनों धंधेबाजों को हिरासत में लिया गया।पुलिस के समक्ष दोनों धंधेबाजों ने स्वीकारा कि वे लोग स्मैक व गांजा का छोटा पुड़िया बनाकर क्षेत्र में बेचते हैं।थाने में इस संबंध में राजू कुमार के बयान पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**बनियापुर।** स्थानीय क्षेत्र के बनियापुर गांव में एक व्यक्ति की लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दिए जाने का मामला दर्ज कराई गयी है।जिस घटना मे पुलिस ने त्वरित करवाई करते एक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मे दर्ज प्राथमिकी मे मृतक की पत्नी सबिता देवी ने बताई है कि मेरे पति भरत महतो पुत्र कृष्णा महतो 50 वर्षीय घर के सामने सड़क पर थे तभी, पड़ोसी संतोष महतो ने लाठी डंडे से पीट पीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिसके बाद रेफरल अस्पताल के बाद सदर अस्पताल मे बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया जहाँ इलाज के क्रम मे मेरे पति की मौत हो गयी। घटना की प्राथमिकी मे पीडिता ने न्याय की गोहर लगाई है। इस मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

# बड़हरिया पैक्स चुनाव में अधिकांश पुराने अध्यक्षों हुए विजयी, दो नए निर्वाचित

**सिवान।** बड़हरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित जीएम उच्च विद्यालय स्थित मतगणना केंद्र में बुधवार की सुबह बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी संदीप कुमार की देखरेख में मतगणना कार्य सुबह आठ बजे से शुरू हुई। इस दौरान मतगणना केंद्र के बाहर उम्मीदवारों के समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जैसे-जैसे चुनाव परिणाम आता गया विजयी उम्मीदवारों के खेमें में जश्न का माहौल देखा गया। विजयी उम्मीदवारों के समर्थक एक-दूसरे को माला पहना तथा अबीर-गुलाल लगा जश्न मनाते देखे गए जबकि पराजित उम्मीदवारों के खेमे में उदासी छाई हुई थी। सभी चुनाव परिणाम आने पर उदास दिख रहे थे। मतगणना के बाद बीडीओ द्वारा विजयी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बीडीओ ने बताया कि लकड़ी दरगाह पैक्स से नसीम अख्तर विजय घोषित हुए, वहीं नवलपुर पैक्स से सफीक आलम, रामपुर पैक्स से मनोरंजन सिंह, तेतहली पैक्स से रामधारी प्रसाद, सदरपुर पैक्स से बलिराम यादव, हरिहरपुर पैक्स से मनोज कुमार, कोईरीगांवा पैक्स से विद्याभूषण वर्मा, हरदोबारा पैक्स से संतोष यादव, बालापुर पैक्स से संजीत कुमार, पडरौना पैक्स से ललन यादव, कैलगढ़ दक्षिण पैक्स से सतीश सिंह, कैलगढ़ उत्तर पैक्स से सोहराब अहमद, पकड़ी पैक्स से अमृता कुमारी, सिकंदरपुर पैक्स से हरिकिशोर सिंह, राक्षोपाली पैक्स से निरंजन कुमार विजयी घोषित किए गए।

# डा.मुमताज हाशमी अध्यक्ष व डा.मुमताज अहमद सेंट्रल काउंसिल मेंबर चुने गए

**सिवान:** इंडियन डेंटल एसोसिएशन ( आइडीए ) के बिहार प्रदेश शाखा के 13वें दो दिवसीय राज्य स्तरीय डेंटल कांफ्रेंस का आयोजन खगड़िया के रहीमपुर स्थित गोल्डन रिसार्ट में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, आइडीए के सचिव डा.कुमार मानवेंद्र व अध्यक्ष डा.अरविंद खत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर आइडीए के रिक्त पदों पर नए सदस्यों का चयन किया गया। सिवान के डा.मुमताज ए हाशमी को बिहार प्रदेश का अध्यक्ष चुना गया। जबकि डा.मोहम्मद मुमताज अहमद को सेंट्रल काउंसिल ( सीसी ) सदस्य के रूप में नामित किया गया। ये दोनों चिकित्सक दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान और अनुभव के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा डा.विशाल आनंद को भी इस कान्फ्रेंस में शामिल किया गया और उनकी विशेषज्ञता का लाभ कान्फ्रेंस के विभिन्न सत्रों में लिया गया। इस कान्फ्रेंस में बिहार के विभिन्न जिलों से आए दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और तकनीकों पर चर्चा की, जिससे चिकित्सकों को मरीजों के इलाज में बेहतर परिणाम लाने के नए तरीके सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में डा.सौरव कुमार, डा.शाहबाज उल हक, डा.प्रेम प्रकाश, डा.समीर व डा.फैजल बसर ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इन सभी ने डा.मुमताज ए हाशमी और डा.मोहम्मद मुमताज अहमद की नई उपलब्धियों पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# अपराध की योजना बनाते मोबाइल व चाकू के साथ दो चोर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से मंगलवार की रात मोबाइल व चाकू के साथ से दो चोर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर छपरा जिला के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के श्याम चौक निवासी दीपक कुमार उर्फ हड्डी व गोपालगंज जिला के मीरगंज थाना क्षेत्र के दखिन मोहल्ला निवासी विशाल कुमार है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि टीम द्वारा निगरानी के दौरान दो शातिर चोरों को जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर आरएमएस कार्यालय से अपराध की योजना बनाते हुए मोबाइल, एक चाकू और ब्लेड के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि पकड़े गए अपराधी बहुत शातिर और आदतन बदमाश हैं। इनके विरुद्ध सिवान और छपरा में कई मामले दर्ज हैं। जमानत पर छूट कर आने के बाद स्थान और स्टेशन बदलकर फिर अपराध में संलिप्त हो जाते हैं। मंगलवार को भी दोनों मिलकर रेल यात्रियों से चोरी की योजना बना रहे थे तभी पकड़े गए। आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द किया गया। विदित हो कि दोनों बदमाशों को दिनांक 21 अगस्त को ही टास्क टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जो जमानत पर छूट कर आने के बाद पुनः अपराध में संलिप्त हो गए।

# भाजपा की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**सिवान।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह के आवास पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती व विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को विधानसभा की तैयारी में जुट जाना है। सभी कार्यकर्ता डोर टू डोर जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने काम करेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं की टोली गांव-गांव जाकर लोगों को संपर्क कर केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों तथा विकास योजनाओं की जानकारी साझा करे। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश में एनडीए सरकार जिस तरह कार्य कर रही है उससे महागठबंधन के नेता विचलित हो रहे हैं। 2025 चुनाव में बिहार में पुनः एनडीए सरकार बननी तय है। बैठक में मनीष कुमार सिंह, राहुल सिंह, शशिकांत तिवारी, रामबाबू प्रसाद, गोवर्धन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# सराय थाना में घुस कर मुंशी पर जानलेवा हमला, सिर फटा

**सिवान:** सराय थाना में बुधवार को घुसकर एक युवक ने कार्य कर रहे मुंशी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में मुंशी का सिर फट गया।खून से लहूलुहान मुंशी को थाना में मौजूद पुलिस कर्मियों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया,जहां इलाज के बाद घायल मुंशी को पुनः पुलिस लेकर चली गई। घायल मुंशी का नाम घनश्याम है।हमलावर को पुलिस ने दबोच लिया है।जानकारी के अनुसार निजामपुर गांव का एक युवक सराय थाना में घुस गया और बिना कुछ बोले ईंट से मुंशी के सिर पर वार कर दिया। हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। इस घटना से आसपास में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।कुछ लोगों ने बताया की किसी प्राथमिकी को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था।इससे नाराज होकर युवक ने मुंशी का सिर फोड़ दिया।इस मामले में सराय थानाध्यक्ष धमेंद्र कुमार ने बताया कि कोई भी मारपीट नहीं हुई है।गिर जाने से सिर पर चोट लग गई। इसके कारण उनका इलाज कराया गया।

# श्रीनगर में आतंकवादी हमले में बलिदान हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**सिवान।** महाराजगंज प्रखंड के बंगरा गांव में अमर बलिदानी बद्री प्रसाद के आवास परिसर में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीनगर में आतंकी हमले में बलिदान हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप महानिरीक्षक कार्यालय मुजफ्फरपुर से पहुंचे एसआइ जीडी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में चार दिसंबर 1991 को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के लाल चौक पर बलिदान हुए बद्री प्रसाद को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि दी गई। एसआइ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बद्री प्रसाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 50 बटालियन में कार्यरत थे। श्रीनगर के लाल चौक पर ड्यूटी के दौरान आतंकवादी हमले में बहादुरी से सामना करते हुए महज 26 साल की उम्र में बलिदान हो गए थे। गोलियों से छलनी होने के बाद भी उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों का सामना किया था। उनकी पुण्यतिथि पर आज सीआरपीएफ के पांच जवानों की टीम बंगरा गांव में उनके आवास पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि बलिदानी की पत्नी सुभावती देवी व पुत्र मिथुन कुमार से परिवार के भरण पोषण व अनुकंपा के आधार पर नौकरी की जानकारी ली गई।

# दर्जनों यात्रियों का जत्था उमरा के लिए हुआ रवाना

**सिवान।** सिवान जंक्शन से बुधवार को करीब एक दर्जन यात्रियों का जत्था उमरा के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने गले मिलकर माला पहनाया व रिश्तेदारों के लिए दुआएं मांगने की अपील की। सभी जायरीन बुधवार को जंक्शन से दिल्ली के रवाना हुए। यहां से दिल्ली से मक्का होते हुए मदीना जाएंगे। इस दौरान गुलाम अंसारी ने बताया कि तमाम जायरीन हमजा अल मदीना टूर एंड ट्रेवल्स के माध्यम से उमराह के लिए जंक्शन से दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। इसके बाद दिल्ली से हवाई जहाज से मक्का शरीफ जाएंगे। इस दौरान उन्होंने दुआ किया कि सभी जायरीन सही सलामत उमराह कर वापस अपने वतन लौटे।

# भारतीय रेलवे में यूनियन के मान्यता के लिए चुनाव प्रारंभ

**सिवान:** भारतीय रेलवे में ट्रेड यूनियन के मान्यता के लिए चार, पांच एवं छह दिसंबर को होने वाले मतदान की प्रक्रिया सिवान में भी प्रारंभ हो गई। यह चुनाव तीन दिन चलेगा। बुधवार को कर्मचारियों की काफी भीड़ रही। यूनियन का पिछला चुनाव 2013 में हुआ था। इसके बाद यह चुनाव हो रहा है। मतदान के दौरान कर्मचारियों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने में एनई रेलवे मजदूर यूनियन की जिला शाखा के शाखा मंत्री कामरेड विनोद रंजन गिरि, अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, अब्दुल मजीद खान, राकेश कुमार सिंह , मोहम्मद जान खान, अभिषेक कुमार, प्रमोद कुमार , विकास कुमार तिवारी की सक्रिय भूमिका रही।

# बिहार यात्रा सह सदस्यता को ले आठ को आएंगे उपेंद्र कुशवाहा

**सिवान :** शहर के एक होटल में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष अब्दुल रिजवान अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आठ दिसंबर को पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम बिहार यात्रा सह सदस्यता महापर्व की तैयारियों पर विस्तृत रुप से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शहर के टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद उपेंद्र कुशवाहा सभा को संबोधित करेंगे। साथ ही जिले में एनडीए गठबंधन के नेताओं व जिलाध्यक्षों से आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव को लेकर एकजुटता एवं रणनीतिक महत्व के विषय पर चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव भी देंगे। बैठक में प्रमुख रुप से कार्यक्रम प्रभारी प्रशांत पंकज, महिला प्रदेश अध्यक्ष स्मृति कुमुद, सचिव अभिषेक रंजन, प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आल इन वन सुपर एप से रेल यात्रियों को एक साथ मिलेंगी कई सुविधाएं

**सिवान :** रेलवे यात्रियों को जल्द ही नई और बड़ी खुशखबरी दे सकता है। रिजर्वेशन टिकट, साधारण टिकट, प्लेटफार्म टिकट, लाइव ट्रेन अपडेट से लेकर यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सेवा संबंधित शिकायतों सहित सभी जानकारी अब एक ही प्लेटफार्म पर मिलेगा। इसके आईआरसीटीसी का आल इन वन सुपर एप की लांचिंग की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार साफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम अंतिम चरण में है। आईआरसीटीसी व क्रिस दोनों मिलकर इसपर काम कर रहे हैं। बता दें कि त्योहारों के समय रेलवे को टिकट व अन्य चीजों को लेकर लगातार फजीहत झेलनी पड़ती है। साथ ही यात्रियों को भी अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एप से सुविधा लेनी पड़ती है। इसमें कई बार यात्री ठगी के शिकार भी हो जाते हैं। इन सब बातों से सीख लेते हुए भारतीय रेलवे ने सुपर एप लांच करने का निर्णय लिया है। यह सुपर एप माह के अंत तक लांच किया जाएगा। इसके जरिए टिकट बुकिंग, प्लेटफार्म पर ट्रेन की जानकारी, भोजन वितरण और ट्रेन चलने की स्थिति के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। यह भारतीय रेलवे का सुपर एप पहले से मौजूद आल इन वन एप आईआरसीटीसी एप से अलग होगा।

# जिला प्रशासन ने तितिर स्तूप का किया निरीक्षण

**जीरादेई (सिवान) :** प्रखंड के तितिरा बंगरा स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बौद्ध स्थल तितिर स्तूप प्रक्षेत्र का निरीक्षण बुधवार की शाम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह विकास शाखा सीमा कुमारी ने किया। इस मौके पर अंचलाधिकारी हेमेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर तितिर स्तूप विकास मिशन के अध्यक्ष माधव शर्मा ने तितिर स्तूप के प्राचीन ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए इस स्थल के खुदाई से प्राप्त पुरातात्विक साक्ष्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल तो घोषित हो चुका है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई कार्य आरंभ नहीं हुआ है। उन्होंने ने बताया कि सिवान में पर्यटन के विकास का मजबूत आधार बन सकता है। इससे संपूर्ण सिवान की तकदीर बदल सकती है।

# स्वास्थ्य मेला सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**सिवान।** आंदर प्रखंड के बरवां स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.दीपक कुमार की देखरेख में स्वास्थ्य मेला सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डा.रानी कुमारी ने बारी-बारी से 85 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। साथ ही छात्राओं का ब्लड ग्रुप की जांच की गई। एनीमिया मुक्त भारत अंतर्गत सभी छात्राओं को आयरन फोलिक एसिड की गोली का वितरण किया गया। इस मौके पर फार्मासिस्ट नीरज कुमार, नीतीश कुमार सिंह, प्रीतम कुमार, पूजा कुमारी, बिंदु कुमारी, अनामिका कुमारी, पुतुल कुमारी, मीनू, रेखा कुमारी समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

# अलग-अलग जगहों से शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन गिरफ्तार

**सिवान।** सिसवन थाना पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान बखरी निवासी रामदयाल भगत, चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी समीर कुरैशी एवं मुन्ना कुरैशी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बुधवार को न्यायालय भेज दिया।

# हुसैनगंज बाजार से शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**सिवान:** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हुसैनगंज बाजार स्थित पासी टोला में मंगलवार की शाम मद्य निषेध टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए घरों में छापेमारी की। इस दौरान कच्ची शराब और शराब बनाने के लिए रखे हजारों लीटर कच्चे पासा को नष्ट कर दिया। मद्य निषेध निरीक्षक पीयूष राज ने बताया कि सूचना मिली कि हुसैनगंज पासी टोला में एक तीन मंजिला मकान में चुलाई शराब बनाई जा रही हैं। इसके बाद मद्य निषेध टीम के एएसआई कवींद्र कुमार ने स्थानीय थाना के सहयोग से पासी टोला स्थित एक तीन मंजिला मकान में छापेमारी की जहां से 220 लीटर चुलाई शराब, चार चुलाई यंत्र, चार गैस सिलेंडर, 32 लीटर देसी शराब, 1386 लीटर विदेशी शराब व 24 हजार किलोग्राम महुआ जावा बरामद किया गया।

